
ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, मंगलवार 28 अक्टूबर 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 2 अंक 185


## तूफान 'मोन्था' 20 किलोमीटर दूर, 110 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आज टकराएगा
### आंध्र तट से, चार राज्यों से 50 हजार लोग हटाए गए, 120 ट्रेनें और 52 उड़ानें रद्द



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली/अमरावती, 28 अक्टूबर। बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवात 'मोन्था' मंगलवार सुबह भीषण तूफान में तब्दील हो गया है। यह अब आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम तट से मात्र 20 किलोमीटर दूर है और 17 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के अनुसार, तूफान शाम तक तट से टकराएगा, जिसकी अधिकतम गति 110 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। समुद्र में 5 मीटर (लगभग 16 फीट) ऊंची लहरें उठने की संभावना जताई गई है। चार राज्यों में तेज हवाएं और मूसलाधार बारिश, 50 हजार से अधिक लोग सुरक्षित स्थानों पर तूफान 'मोन्था' का असर फिलहाल आंध्र प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के तटीय जिलों में दिखाई दे रहा है। इन क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हो रही है, कई जगह पेड़ उखड़ गए और बिजली आपूर्ति बाधित हुई है। समुद्र में ऊंची लहरें उठने से तटीय इलाकों में जनजीवन प्रभावित है। प्रशासन ने चारों राज्यों के तटीय इलाकों से 50 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। तटीय गांवों में NDRF, ODRAF और फायर सर्विस की टीमें तैनात की गई हैं।

#### रेल और हवाई सेवा पर बड़ा असर, ट्रेनें और उड़ानें रद्द

तूफान की तीव्रता को देखते हुए दक्षिण मध्य रेलवे जोन की 120 ट्रेनों को रद्द किया गया है। वहीं, विशाखापट्टनम एयरपोर्ट से 32 उड़ानें, विजयवाड़ा एयरपोर्ट से 16 और तिरुपति से 4 उड़ानें निरस्त की गई हैं। यात्रियों को एयरपोर्ट पर आने से बचने की सलाह दी गई है।

#### आंध्र प्रदेश में फसलें डूबीं, 83 हजार किसान प्रभावित

तूफान के चलते आंध्र प्रदेश में 43 हजार हेक्टेयर से अधिक फसलें जलमग्न हो गई हैं, जिससे लगभग 83 हजार किसान प्रभावित हुए हैं। कुल 292 मंडलों और 1,712 गांवों में नुकसान की सूचना मिली है। सबसे ज्यादा हानि धान और कपास की फसलों को हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 31,267 हेक्टेयर धान और 15,680 हेक्टेयर कपास की फसलें बर्बाद हुई हैं। राज्य सरकार ने नुकसान का आकलन करने और राहत वितरण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है।

अन्नमय्या में डैम के गेट खोले गए, प्रशासन सतर्क

अन्नमय्या जिले में भारी बारिश के चलते वेलिगल्लु प्रोजेक्ट डैम के गेट खोले गए हैं। अधिकारी 750 क्यूसेक पानी छोड़ रहे हैं ताकि बांध का जलस्तर नियंत्रित रहे। आसपास के गांवों में रेड अलर्ट जारी करते हुए लोगों को नदी किनारे न जाने की चेतावनी दी गई है।

#### विजयवाड़ा और पुरी में तेज हवाएं, गोपालपुर बंदरगाह बंद

तूफान 'मोन्था' के प्रभाव से विजयवाड़ा, काकीनाडा, पुरी और गोपालपुर में भारी बारिश और तेज हवाएं चल रही हैं। ओडिशा में समुद्र में प्रवेश पर रोक लगाई गई है और गोपालपुर बंदरगाह पर लोगों की आवाजाही प्रतिबंधित की गई है। ओडिशा प्रशासन ने 24 ODRAF, 5 NDRF और 99 फायर सर्विस टीमों के करीब 5 हजार कार्मिकों को राहत कार्यों में लगाया है।

#### कई राज्यों में अगले तीन दिन तक बारिश का पूर्वानुमान

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले तीन दिनों तक केरल, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और झारखंड में तूफान के असर से मूसलाधार बारिश हो सकती है। तटीय और निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

## आधार कार्ड नागरिकता, निवास और जन्म तिथि का सबूत नहीं: यह सिर्फ आइडेंटिटी प्रूफ है, UIDAI ने क्लैरिफिकेशन दिया




24 न्यूज अपडेट

यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (UIDAI) ने साफ किया है कि 12 अंकों वाला आधार नंबर सिर्फ पहचान का सबूत है, नागरिकता का नहीं। इसके अलावा UIDAI ने यह भी कहा है कि आधार कार्ड जन्म तिथि यानी डेट-ऑफ-बर्थ का भी प्रूफ नहीं है।

दरअसल, आधार कार्ड अब लगभग हर जरूरी सेवा से जुड़ चुका है, लेकिन कई लोग अभी भी कन्फ्यूजन में हैं कि क्या यह जन्म तिथि या भारतीय नागरिकता का सबूत बन सकता है। ऐसी ही अफवाहों को खत्म करने के लिए UIDAI ने यह क्लैरिफिकेशन दिया है।

#### डाक विभाग ने आदेश जारी किया

वहीं डाक विभाग ने हाल ही में एक आदेश जारी किया। इसमें कहा गया है कि आधार नंबर का इस्तेमाल आधार धारक की पहचान साबित करने के लिए किया जा सकता है, लेकिन यह नागरिकता, निवास प्रमाण या जन्म तिथि का पक्का सबूत नहीं है।

इसलिए जन्म तिथि साबित करने के लिए इसे अंतिम रूप से इस्तेमाल न करें। सरकार ने सभी डाकघरों को यह जानकारी सभी संबंधित लोगों तक पहुंचाने और पब्लिक एरिया में नोटिस बोर्ड पर लगाने का आदेश भी दिया है।

## ओसियां में लापता बुजुर्ग महिला की हत्या का खुलासा, पड़ोसी ने ही की थी लूट के लिए हत्या, पटना जंक्शन से किया गिरफ्तार, ऑनलाइन गेम और नशे की लत ने बनाया अपराधी



24 न्यूज अपडेट

जोधपुर, 28 अक्टूबर। ओसियां थाना क्षेत्र से 11 अक्टूबर को लापता हुई बुजुर्ग महिला की गुमशुदगी अब हत्या के मामले में बदल गई है। जोधपुर ग्रामीण पुलिस ने इस सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को बिहार के पटना जंक्शन रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया है। चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपी कोई और नहीं बल्कि मृतका का पड़ोसी ही निकला, जिसने लूट की नीयत से महिला की हत्या कर उसके शव को खेत में दफना दिया था।

#### ऑनलाइन गेम, सट्टा और नशे की लत ने किया अपराध की ओर प्रेरित

पुलिस के अनुसार, आरोपी ऑनलाइन गेमिंग, सट्टा-जुआ खेलने और नशे का आदी था। पैसे की जरूरत पूरी करने के लिए उसने यह वारदात की। बुजुर्ग महिला के गले, कान, नाक और पैरों में सोने-चांदी के आभूषण देखकर उसने लूट की योजना बनाई और हत्या के बाद लाश को खेत में गाड़ दिया।

#### पड़ोस की ढाणी में जाने की कहकर निकली थी महिला

घटना 11 अक्टूबर की है जब ओसियां थाना क्षेत्र के चेराई गांव निवासी 72 वर्षीय चम्पा देवी अपने घर से "पड़ोस की ढाणी" में जाने की बात कहकर निकली थी, लेकिन शाम तक घर नहीं लौटी। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी कोई सुराग नहीं मिलने पर उनके पुत्र मांगीलाल ने ओसियां थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने इस पर एमपीआर नंबर 54/2025 दर्ज कर तलाश शुरू की।

मोबाइल से मिला हत्या का सुराग

एसपी नारायण टोगस ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को महिला के आभूषणों की जानकारी मिली तो शक की सुई उसके पड़ोसी अक्षय कुमार की ओर गई। जब उसके मोबाइल की जांच की गई तो डिलीट की गई एक फोटो रिकवर हुई, जिसमें वही भंवरी (नाक का आभूषण) दिखाई दी जो चम्पा देवी के नाक में थी। इससे आरोपी की संलिप्तता पक्की हो गई।

कई राज्यों में भागता रहा आरोपी, आखिरकार पटना जंक्शन से दबोचा गया

हत्या के बाद आरोपी अक्षय फरार हो गया था और लगातार अपनी लोकेशन बदलता रहा। साइबर टीम ने तकनीकी निगरानी के जरिए पता लगाया कि वह एक राज्य से दूसरे राज्य में सफर करते हुए फूड डिलीवरी ऐप्स के माध्यम से भोजन मंगा रहा था। आरोपी अबोहर, अंबाला, हरियाणा, दिल्ली, अलीगढ़, कानपुर और लखनऊ जैसे शहरों में घूमता रहा, लेकिन पुलिस की टीम लगातार उसके पीछे लगी रही। अंततः उसे बिहार के पटना जंक्शन रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया गया। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और वारदात से जुड़ी अन्य जानकारियों की जांच जारी है।

## सोना 3,034 और चांदी 3,135 सस्ती हुई: 8 दिन में गोल्ड की कीमत 11,541 और चांदी की 27,334 कम हुई



24 न्यूज अपडेट

सोने-चांदी के दाम में आज यानी 28 अक्टूबर को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार सोने की कीमत 3,034 रुपए घटकर 1,18,043 पर आ गई है। इससे पहले इसके दाम 1,21,077 रुपए प्रति 10 ग्राम थे। वहीं, चांदी 3,135 रुपए गिरकर 1,41,896 प्रति किलोग्राम हो गई। कल इसकी कीमत 1,45,031 प्रति किलोग्राम थी।

IBJA की सोने की कीमतों में 3% GST, मेकिंग चार्ज और ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता। इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल RBI सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं।

## केंद्र ने 8वें वेतन आयोग की शर्तों को मंजूरी दी: एक जनवरी से लागू हो सकता है, 50 लाख कर्मचारियों और 69 लाख पेंशनरों को फायदा होगा



24 न्यूज अपडेट

केंद्र सरकार ने मंगलवार, 28 अक्टूबर को 8वें वेतन आयोग के टर्म्स ऑफ रेफरेंस यानी शर्तों को मंजूरी दे दी है। अब कमीशन बनेगा और वो अपनी सिफारिशें गठन की तारीख से 18 महीने के अंदर देगा। इसके बाद 1 जनवरी 2026 से नया वेतन मान लागू हो सकता है।

हालांकि, पुराने ट्रेंड को देखते हुए सिफारिशों को पूरी तरह इम्प्लीमेंट होने में 2028 तक का इंतजार करना पड़ सकता है। यानी, कर्मचारियों को 17-18 महीने का एरियर एकमुश्त या किस्तों में मिलेगा। इससे 50 लाख कर्मचारियों और 69 लाख पेंशनर्स को फायदा होगा।

सरकार ने जनवरी 2025 में ही इस कमीशन के गठन का ऐलान किया था। अब टर्म्स ऑफ रेफरेंस को मंजूरी देने का मतलब ऐसे दस्तावेज से है जो बताता है कि आयोग का काम क्या है, काम कैसे होगा, कितने समय में होगा, कौन-कौन शामिल होंगे।

## इंदौर-असारवा के मार्ग के कुछ स्टेशनों पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर रेलवे द्वारा इंदौर-असारवा रेलसेवा के मार्ग के कुछ स्टेषनों पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 19315, इंदौर-असारवा एक्सप्रेस रेलसेवा दिनांक 30.10.25 से आगामी आदेशों तक इंदौर से 17.55 बजे के स्थान पर परिवर्तित समय 18.20 बजे रवाना होकर अपने निर्धारित समय से असारवा पहुँचेगी। यह रेलसेवा के मार्ग के इंदौर, देवास, उज्जैन, नागदा, खाचरोद, रतलाम व जावरा स्टेशनों पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन रहेगा।

## जम्मू-कश्मीर में 2 लाख लोगों को कुत्तों ने काटा; पश्चिम बंगाल, तेलंगाना को छोड़कर बाकी राज्यों को मिली 'सुप्रीम फटकार'



24 न्यूज अपडेट

श्रीनगरः आधिकारिक आंकड़ों से पता चला है कि पिछले 4 सालों में जम्मू-कश्मीर में आवारा कुत्तों ने दो लाख से ज़्यादा लोगों को काटा है.

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा को बताया कि 2022 से 2025 के बीच केंद्र शासित प्रदेश में कुत्तों के काटने के 2,12,968 मामले सामने आए. इनमें से 1.14 लाख से ज़्यादा मामले कश्मीर में और 98,000 से ज़्यादा मामले जम्मू में दर्ज किए गए.

यह आंकड़े सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 के तहत बनाए गए पशु जन्म नियंत्रण (एबीसी) नियम, 2023 के अनुसार आवारा कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण अनिवार्य करने संबंधी अगस्त के निर्देश का पालन न करने पर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को फटकार लगाने के एक दिन बाद सामने आए हैं.

शीर्ष न्यायालय ने टिप्पणी की कि कुत्तों के बार-बार हमले विदेशों में देश की छवि खराब कर रहे हैं.

शीर्ष न्यायालय ने पश्चिम बंगाल और तेलंगाना को छोड़कर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को अनुपालन रिपोर्ट दाखिल न करने पर तलब किया है.

आवास एवं शहरी विकास विभाग के प्रभारी अब्दुल्ला ने बताया कि क्षेत्र में नसबंदी और टीकाकरण अभियान तेज कर दिए गए हैं. उन्होंने बताया कि पशु जन्म नियंत्रण नियम 2023 के अनुसार लगभग 49,000 आवारा कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण किया गया है.

इनमें से, राजधानी श्रीनगर और जम्मू शहरों को कवर करने वाली दो प्रमुख नगर पालिकाओं ने क्रमशः 27,237 और 13,730 कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण किया है. लेकिन कश्मीर के बाकी नगर निकायों में केवल 161 और जम्मू में 7870 कुत्तों की नसबंदी की गई.

इस मामले में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि श्रीनगर नगर निकाय में कुल तीन पशु जन्म नियंत्रण केंद्र हैं, जबकि घाटी के 9 जिलों में भी इसी तरह के केंद्र स्थापित किए जाएंगे.

गौर करें तो कुछ महीने पहले सुप्रीम कोर्ट ने कुत्तों को लेकर दिल्ली और एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में आवारा कुत्तों के प्रबंधन के संबंध में 11 अगस्त के अपने पहले के आदेश को संशोधित करते हुए निर्देश दिया कि जानवरों को नसबंदी और टीकाकरण के बाद उसी क्षेत्र में वापस छोड़ दिया जाएगा.

इसके साथ ही अदालत ने स्पष्ट किया कि रेबीज से संक्रमित या आक्रामक व्यवहार वाले आवारा कुत्तों को वापस नहीं छोड़ा जाएगा तथा उन्हें अलग रखा जाएगा.

अदालत ने आदेश दिया कि कुत्तों को सार्वजनिक रूप से भोजन कराने की अनुमति नहीं दी जाएगी. आवारा कुत्तों के लिए अलग से भोजन स्थल बनाए जाएं.

## बंद: निफ्टी में भी 30 अंक की गिरावट रही; IT, रियल्टी और FMCG में बिकवाली




24 न्यूज अपडेट

हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन आज यानी 28 अक्टूबर को शेयर बाजार में गिरावट रही। सेंसेक्स 151 अंक गिरकर 84,628 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 30 अंक की गिरावट रही, ये 25,936 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 21 में गिरावट और 9 में गिरावट रही। IT, रियल्टी और FMCG में बिकवाली रही। वहीं मेटल और बैंकिंग शेयर्स में तेजी देखने को मिली है।

## संपादकीय : पारदर्शिता का तकाजा

निर्वाचन आयोग की ओर से हाल ही में बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर के बाद अब दूसरे चरण के तहत बारह राज्यों में यही प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की अपनी अहमियत है। दरअसल, बिहार में यह सवाल उठाया गया था कि जब चुनाव के लिए बहुत कम वक्त बचा था, तब आयोग ने अचानक एसआइआर की शुरुआत क्यों कर दी और ऐसा केवल बिहार में क्यों किया गया। तब यह भी कहा गया कि जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने में पर्याप्त वक्त है, अगर वहां पहले एसआइआर कराया जाए तो बेहतर हो। मगर निर्वाचन आयोग शायद बिहार विधानसभा के लिए इसी चुनाव में मतदाता सूची को 'शुद्ध' करने की इच्छा रखता था, इसलिए काफी सवाल उठने के बावजूद आखिर एसआइआर को अंजाम दिया गया। अब अंडमान और निकोबार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, पुदुचेरी, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु में एसआइआर होगा, जिसके बाद आयोग का मानना है कि इसके जरिए संबंधित राज्यों की मतदाता सूची को त्रुटिहीन बनाया जा सकेगा। ऐसी शिकायतें आती रही हैं कि चुनाव में कुछ लोगों ने फर्जी तरीके से या फिर किसी का नाम एक से ज्यादा जगहों पर दर्ज था। इस तरह के कई अन्य मामलों के आधार पर मतदाता सूची में अपात्र लोगों के नाम हटाए जाने को लेकर आवाज उठती रही है। मगर बिहार में एसआइआर के क्रम में जिस तरह लाखों लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए, उसे लेकर एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया था। कई राजनीतिक दलों ने आरोप लगाया कि एसआइआर के बहाने बड़ी संख्या में वैसे मतदाताओं के नाम भी सूची से हटा दिए गए, जो पात्र थे। आयोग की इस दलील से किसी को भी इनकार नहीं होगा कि किसी भी चुनाव में केवल वैध और पात्र मतदाताओं को मतदान करने का अधिकार हो। जिन लोगों का निधन हो गया है, जिनका नाम एक से ज्यादा जगहों पर मौजूद है या फिर जो स्थायी रूप से एक से दूसरे शहर में विस्थापित हो गए हैं, उनका नाम मतदाता सूची से हटा दिया जाए। मगर यह सवाल बना रहेगा कि मतदाता सूची में से किसी भी ऐसे व्यक्ति का नाम क्यों हटे, जो वैधता की कसौटी पर अपनी पूरी पात्रता रखते हैं। अब जिन राज्यों में एसआइआर की घोषणा हुई है, उसमें खबरों के मुताबिक, कोई कागज दिखाने की जरूरत नहीं होगी। मुख्य रूप से यह एक बड़ा बिंदु था, जिस पर बिहार में हुए एसआइआर के दौरान काफी सवाल उठाए गए थे। दरअसल, बिहार में एसआइआर के तहत मतदाता सूची में नाम कायम रखने के लिए आयोग ने कुछ दस्तावेज जमा करना अनिवार्य बना दिया था, जिसमें आधार को मान्य नहीं बताया गया। हालांकि इस मसले पर सर्वोच्च न्यायालय के दखल के बाद निर्वाचन आयोग को एसआइआर की प्रक्रिया में दस्तावेज और प्रक्रिया संबंधी शर्तों में बदलाव करने पड़े। इस सबके मद्देनजर आगे यह ध्यान रखने की जरूरत होगी कि एसआइआर की समूची प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता रखी जाए। इस संबंध में बिहार में हुए एसआइआर के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई में जो सवाल उठे और उस अदालत की ओर से जो सुझाव या निर्देश सामने आए, उसे देखते हुए निर्वाचन आयोग अब एक ऐसे प्रारूप में एसआइआर की प्रक्रिया को संपन्न करा सकता है, जो पूरी तरह विवादरहित हो और जिससे किसी भी राजनीतिक दल को आपत्ति न हो।

## तेजाबी कुंठा

तमाम कड़े नियम-कानून के बावजूद महिलाओं पर तेजाब से हमला करने की घटनाएं आज भी सामने आ रही है। सच यह है कि अगर अब तक सामने आई घटनाओं में पर्याप्त कानूनी सख्ती बरती गई होती, तो इस तरह की वारदात पर लगाम लग सकती थी। देश की राजधानी में बीते रविवार को दिल्ली विश्वविद्यालय की एक छात्रा पर तेजाब से हमले की पृष्ठभूमि कोई एक दिन में नहीं बनी थी। आरोपी उसका जानकार था और वह काफी समय से उसका पीछा कर रहा था। एक महीने पहले आरोपी ने छात्रा का रास्ता रोका था, तो उनके बीच काफी कहासुनी हुई थी। इस विवाद की जड़ को समझना कोई मुश्किल नहीं है। जाहिर है कि आरोपी युवक किसी हताशा अथवा कुंठा का शिकार था और उसने साथियों के साथ मिल कर घटना को अंजाम दिया। गौरतलब है कि पिछले एक दशक में महिलाओं पर तेजाब हमले की जितनी भी घटनाएं हुई हैं, उनमें अधिकतर आरोपी पीड़ित महिला के जानकार थे या फिर हीनताबोध से उपजी कुंठा के शिकार। इस तरह की घटनाओं में सबसे पहला सवाल यही होना चाहिए कि आखिर किन वजहों से आपराधिक कुंठा का शिकार कोई युवक किसी महिला पर तेजाब फेंकते हुए पूरी तरह बेखौफ रहता है। क्या यह कानून-व्यवस्था और उसका असर शून्य होने का सबूत नहीं है कि अपराधी बिना किसी भय के जघन्य अपराधों को अंजाम देते हैं? कुछ सवाल समाज से भी पूछे जाने चाहिए कि परिवारों में पालन-पोषण के दौरान खासतौर पर लड़कों के भीतर ऐसे मूल्य कौन तैयार करेगा कि उसे महिलाओं या लड़कियों की इच्छा की भी कद्र करनी चाहिए । जबरन किसी से दोस्ती नहीं की जा सकती। अगर कोई ऐसा करने की कोशिश करता है तो यह उसके भीतर आपराधिक मानसिकता घर कर जाने का सबूत है। शीर्ष अदालत ने वर्ष 2013 में ही तेजाब की खुली बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था, तो यह लोगों को कैसे उपलब्ध हो रहा है ? विडंबना यह है कि ऐसे मामलों में कानूनी कार्रवाई को लेकर हीलाहवाली होने की वजह से अपराधी मानस वाले युवकों के भीतर दुस्साहस बढ़ता है, जिसका खमियाजा वैसी लड़कियों या महिलाओं को उठाना पड़ता है, जो अपनी पढ़ाई या नौकरी करने घर की दहलीज से बाहर निकलती हैं।

# एलबीडब्ल्यू पुलिसिंग : घुटने तुड़वा कर हिरणमगरी पुलिस की गिरफ्त में आए जानलेवा हमले व अपहरण के आरोपी, स्कॉर्पियो जब्त



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 28 अक्टूबर। उदयपुर की पुलिस अब अपराधियों को लेग बिफोर विकेट याने कि एलबीडब्ल्यू करने लगी है। पुलिस को देखते ही ना जाने क्यों अपराधी इस तरह से भागते हैं कि उनके केवल पांवों में ही चोट आती है। और मजे बात है कि शर्तिया मामलों में उनका एक पांव या एक घुटना क्षतिग्रस्त होता है। यह संयोग है या प्रयोग। यह तो पुलिसवाले ही जानें। मगर आजकल इस तहर से अपराधियों का नादान बनकर भागना भी चर्चा का विषय बना हुआ है। इससे पहले कई मामलों में महिला के वेश में अपराधियों का भागते हुए पकड़े जाना भी चर्चा का विषय बना था। अबकी बार यह हिरणमगरी थाना पुलिस के साथ हुआ है जिसमें सभी आरोपी घुटनों से चोटिल दिखाई दे रहे हैं। संजय बंजारा के अपहरण और जानलेवा हमले के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में प्रयुक्त ब्लैक रंग की स्कॉर्पियो को भी जब्त किया गया है। मुख्य अभियुक्त आबिद अली घटना के बाद फरारी के दौरान बाइक से फिसलने से घायल हो गया था, जिसका घुटना टूटने पर ऑपरेशन किया गया।

### घटना का विवरण

प्रार्थी विजय बंजारा ने 22 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई कि 21 अक्टूबर की रात लगभग 10 बजे उसका पुत्र संजय बंजारा घर पर था, तभी उक्त स्कॉर्पियो कार में सवार आबिद, शौकीन, सोनू, प्रहलाद व चीकू मीणा आए। पूर्व में पटाखे छोड़ने की बात को लेकर हुए झगड़े के चलते उन्होंने षड्यंत्रपूर्वक संजय को कार में बैठाया और रास्ते में चाकू व लाठियों से हमला कर जान से मारने की नीयत से घायल अवस्था में देबारी हाईवे पर फेंककर फरार हो गए। गंभीर हालत में संजय को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने तत्काल अभियुक्तों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) उमेश ओझा और पुलिस उपाधीक्षक (नगर पूर्व) छगन पुरोहित के सुपरविजन में थानाधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी संसाधन और मुखबिरी तंत्र के माध्यम से लगातार दबिश देकर चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

### पकड़ में आए अभियुक्त

आबिद अली पुत्र इश्तियाक अली (33 वर्ष) दृ निवासी मजिस्ट्रेट कॉलोनी, चित्तौड़गढ़; हाल कृष्णा कॉलोनी, सेक्टर-9, सविना, उदयपुर सरफराज अहमद उर्फ सोनू पुत्र शराफत अली (26 वर्ष) निवासी मजिस्ट्रेट कॉलोनी, चित्तौड़गढ़ प्रहलाद राजगोट पुत्र लाल सिंह राजगोट (21 वर्ष) निवासी बांसनी, दमोह (म.प्र.); हाल राजू भाई का गैराज, सेक्टर-5, हिरणमगरी, उदयपुर सुका उर्फ चीकू मीणा पुत्र दाडम मीणा (25 वर्ष) दृ निवासी कृष्णा कॉलोनी, लालमगरी, सेक्टर-9, उदयपुर अभियुक्त सोनू के खिलाफ पहले से लूट, चोरी, मारपीट व आर्म्स एक्ट के 4 प्रकरण और चीकू मीणा के खिलाफ इसी प्रकार के 2 प्रकरण दर्ज हैं।

### टीम की भूमिका और रणनीति

घटना के बाद हिरणमगरी थाना पुलिस की विशेष टीम 'टारगेट (ज्।ल्ळम्ज्)' को सक्रिय किया गया। टीम ने अभियुक्तों की तलाश में खेरवाड़ा, सागवाड़ा, साबला, डूंगरपुर, वल्लभनगर और चित्तौड़गढ़ के संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी। अभियुक्त जंगलों में ठिकाने बदलते रहे और वहीं छिपकर रहते थे। सूचना मिलने पर टीम ने तकनीकी विश्लेषण व आसूचना संकलन के आधार पर चित्तौड़गढ़ के जंगलों से मुख्य आरोपी आबिद और सोनू को डिटेन किया।

### टीम के सदस्य

थानाधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में टीम में शामिल थे। राजेन्द्र सिंह, भगवतीलाल, राज कुमार जाखड़, विजय सिंह, नंदकिशोर, प्रताप सिंह, हेमेन्द्र, रामजीलाल, कल्पेश, लोकेश रायकवाल (साइबर सेल), तेजाराम, सुनील बुझ हॉक, सभी पुलिसकर्मी हिरणमगरी थाने से।

# ऑपरेशन पृथ्वी के तहत अवैध विस्फोटक सामग्री ले जाते एक व्यक्ति को गिरफ्तार, डेटोनेटर-फ्यूज वायर व बैटरी जब्त

**24 न्यूज अपडेट**



सागवाड़ा (जयदीप जोशी) पुलिस ने ऑपरेशन पृथ्वी के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध विस्फोटक सामग्री का परिवहन करते एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से डेटोनेटर, फ्यूज वायर और बैटरी संचालित मशीन बरामद की गई है। थाना प्रभारी मदनलाल खटीक ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार गठित टीम — एएसआई शंकरलाल, हेड कांस्टेबल प्रकाशचंद्र, कांस्टेबल भूपेंद्रसिंह, योगेश, भीमराज, अजयराज सिंह, विपिन, राजपाल सिंह, रोशन और अल्पेश — ने नाकाबंदी के दौरान कोकापुर-मोवाई रोड पर एक ट्रैक्टर को रोका, जिसके पीछे कम्प्रेसर जुड़ा हुआ था। तलाशी में ट्रैक्टर चालक हरिश (22) पुत्र जीवा डेंडोर निवासी मोदरा छोटा के पास से एक सफेद प्लास्टिक की बोरी में सुपर पावर-90 कंपनी के 60 जिलेटिन गुल्ले, ब्लास्टिंग हेतु बैटरी संचालित मशीन और लाल फ्यूज वायर मिले। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर सामग्री जब्त कर ली।

# चोरी व गुम हुए 50 लाख रुपये के 307 मोबाइल बरामद, मालिकों को लौटाए फोन




**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। उदयपुर पुलिस ने तकनीक और सतर्कता का शानदार उदाहरण पेश करते हुए चोरी व गुम हुए कुल 307 मोबाइल फोन बरामद कर उनके असली मालिकों को सुपुर्द किए हैं। बरामद मोबाइलों की अनुमानित बाजार कीमत करीब 50 लाख रुपये बताई गई है। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशन में चलाए गए एक विशेष अभियान के तहत की गई। अभियान का उद्देश्य सी ई आ ई आ र (Central Equipment Identity Register) पोर्टल पर दर्ज मोबाइल फोन को ट्रैस कर वापस दिलाना था। वरिष्ठ अधिकारियों के सुपरविजन में हुई कार्रवाई अभियान का पर्यवेक्षण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) उमेश ओझा, और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (खेरवाड़ा) श्रीमती अंजना सुखवाल ने किया। इन अधिकारियों के नेतृत्व में जिले के सभी वृत्ताधिकारियों और थाना अधिकारियों की टीमों ने मिलकर विभिन्न स्थानों पर जांच की। टीमों ने राजस्थान सहित अन्य राज्यों से भी मोबाइल ट्रैस कर बरामद किए। संबंधित वृताधिकारियों ने जब मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को लौटाए, तो उनके चेहरों पर खुशी और संतोष झलक उठा। उदयपुर पुलिस ने बताया कि CEIR पोर्टल (www.ceir.gov.in) के माध्यम से कोई भी नागरिक अपने खोए या चोरी हुए मोबाइल की ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर सकता है। मोबाइल के IMEI नम्बर के आधार पर उसकी लोकेशन ट्रैस कर बरामदगी संभव है। आमजन से अपील पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि मोबाइल फोन चोरी या गुम हो जाए तो तुरंत www.ceir.gov.in पर रिपोर्ट दर्ज करें ताकि शीघ्र कार्यवाही कर मोबाइल वापस दिलाया जा सके।

# वाकल जैन परिषद उदयपुर का दीपावली स्नेह मिलन समारोह सम्पन्न



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 28 अक्टूबर। सामाजिक संस्था वाकल जैन परिषद उदयपुर का दीपावली स्नेह मिलन समारोह नाईयों की तलाई स्थित तेरापंथ भवन सभागार में आयोजित हुआ।

अध्यक्ष मोतीलाल पोरवाल ने बताया कि यह दीपावली व इस वर्ष का दूसरा स्नेह मिलन समारोह वाकल प्रांत के सूरत प्रवासियों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी राजेंद्र ओरडिया ने की। वही मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी रोशनलाल ओरडिया व विशिष्ठ अतिथि के रूप में सकल जैन समाज उदयपुर के अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत मौजूद रहे। पोरवाल ने बताया कि वाकल प्रांत के गोगुन्दा तहसील के छोटे गांवों से काफी संख्या में जैन समाज के व्यवसायी उदयपुर व सूरत में व्यापार हेतु प्रवास कर रहे है। वाकल प्रांत के बाहर से आए सदस्यों का परिषद के संरक्षक कालूलाल सिंघवी, दिलीप चौधरी, राकेश पोरवाल तथा पूर्व अध्यक्ष मोहनलाल पोरवाल, महेश पोरवाल, चुन्नीलाल सांखला ने मेवाड़ी पगड़ी, उपरणा ओढ़ाकर स्वागत किया। अतिथियों ने परिषद के साथ मिलकर सहयोग प्रदान करने की सहमति दी। इस मौके पर आठ एवं आठ से ऊपर तपस्या करने वाले तपस्वियों का मेवाड़ी पगड़ी, माला व उपरणा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। उदयपुर जैन समाज के प्रमुख जैन भजन गायक पंकज भंडारी ने आशिष पोरवाल के साथ जैन भजनों को गाकर श्रोताओं को आनंदित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ नमस्कार महामंत्र के मंगलाचरण से हुआ। शब्दों द्वारा स्वागत अध्यक्ष मोतीलाल पोरवाल ने किया। आभार उपाध्यक्ष भरत सिंघवी ने किया। कार्यक्रम का सुन्दर संचालन सुमित्रा सिंघवी ने किया। इस अवसर पर महामंत्री नरेंद्र सिंघवी, कोषाध्यक्ष मनोहर पोरवाल, उपाध्यक्ष भरत सिंघवी, सांस्कृतिक मंत्री दर्शन सिंघवी, मीनाक्षी सांखला, नवनीत पोरवाल, संजय सिंघवी, प्रमोद चपलोत, हिमांशु चौधरी, अशोक चौधरी आदि मौजूद रहे।

# समाजसेवी बोकड़िया ने दो स्कूलों के 116 विद्यार्थियों को स्टेशनरी सामग्री वितरित की



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। शिक्षा प्रोत्साहन और विद्यार्थियों की अध्ययन सामग्री की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए खेरोदा निवासी समाजसेवी मदनलाल बोकड़िया की ओर से जिले के दो विद्यालयों में विद्यार्थियों को स्टेशनरी सामग्री वितरित की गई। यह वितरण क्रमशः राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बाठरड़ा खुर्द एवं नरदावतों का फला राजकीय प्राथमिक विद्यालय, पंचायत अड़िंदा में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में कुल 116 विद्यार्थियों को कापियाँ, पेंसिल, शार्पनर और इरेज़र जैसी आवश्यक सामग्री प्रदान की गई। पहले विद्यालय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बाठरड़ा खुर्द में कक्षा 1 से 5 तक के 55 विद्यार्थियों को सामग्री वितरित की गई वहीं नरदावतों का फला राजकीय प्राथमिक विद्यालय, पंचायत अड़िंदा में 61 विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया। दोनों जगह प्रधानाचार्य डॉ. अनुभा शर्मा, सुरेश वैरागी, प्रधानाध्यापक गिरीराज सिंह चुंडावत, गोपाल प्रजापत, ईश्वरलाल पोमावत, दिनेश कुमार लहूवा सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने समाजसेवी मदनलाल बोकड़िया के इस प्रेरणादायक योगदान के लिए आभार व्यक्त किया गया।

# छठ महापर्व के आखिरी दिन सांसद डॉ रावत भी सपत्नी पूजा में शामिल हुए, सूर्य को अर्घ्य दिया



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। छठ महापर्व का चौथा और आखिरी दिन आज उदयपुर में भी धूमधाम से मनाया गया। सांसद डॉ मन्नालाल रावत भी सपत्नीक पूजा में शामिल हुए और देश के विकास व सुख शांति के लिए मंगल कामना की। उदयपुर में रह रहे बिहार के सभी श्रद्धालुओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर अपने 36 घंटे के उपवास को खोला। इस दौरान सभी भगवान भास्कर की पूजा में मंत्रमुग्ध नजर आए। यहां देवाली छोर पर फतहसागर किनारे सांसद डॉ मन्नालाल रावत व उनकी पत्नी डॉ रजनी रावत भी पूजा में शामिल हुई और उगते सूर्य को अर्घ्य देकर मंगल कामना की। उत्तर भारतीय समाज के अध्यक्ष अजबसिंह यादव व उमा प्रताप सिंह तथा मैथिली समाज के लोगों ने सांसद डॉ रावत, डॉ रजनी रावत व लघु उद्योग भारती के मनोज जोशी का स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि छठ पूजा का मंगलवार को आखिरी और चौथा दिन था। इस दिन व्रती महिलाएं जल में डुबकी लगाकर उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देती हैं और अपने परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की दीर्घायु और जीवन में ऊर्जा की कामना करती हैं।

# डॉ मुकेश बारबर बने MLSU के परीक्षा नियंत्रक



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के डिप्टी रजिस्ट्रार डॉक्टर मुकेश कुमार बारबर को सुखाड़िया विश्वविद्यालय में परीक्षा नियंत्रण का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। आज डॉक्टर मुकेश ने अपना पदभार संभाला। इस अवसर पर SFAB कर्मचारी संगठन अध्यक्ष नारायण लाल सालवी सहित कर्मचारियों ने उनका भव्य स्वागत किया।

# नियमित टीकाकरण के माईक्रोप्लान की समीक्षा को लेकर जिला स्तर पर कार्यशाला






**24 न्यूज अपडेट**

राजसमंद, 28 अक्टूबर। नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम स्तर पर तैयार किए गए माइक्रोप्लान की समीक्षा को लेकर जिला स्तर पर कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में सभी सेक्टर के चिकित्सा अधिकारी प्रभारी शामिल हुए, जिनके साथ टीकाकरण सत्र, वैक्सीन की संख्या, वैक्सीनेटरों की उपलब्धता तथा प्रभावी टीकाकरण की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में फील्ड स्तर से प्राप्त कमियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को संशोधित माइक्रोप्लान तैयार कर शीघ्र भेजने के निर्देश दिए गए। सीएमएचओ डॉ. हेमन्त कुमार बिन्दल ने बताया कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों के तहत नियमित टीकाकरण एक महत्वपूर्ण सूचकांक है। अतः टीकाकरण कार्यक्रम की गुणवत्ता और प्रभावी संचालन के लिए चिकित्सा अधिकारी प्रभारीयों को सक्रियता के साथ माइक्रोप्लान तैयार कर क्रियान्वयन में सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला स्तर से जारी विभिन्न कार्यक्रमों के दिशा-निर्देशों की गंभीरता से पालना की जाए तथा स्वास्थ्य कर्मियों और आशा सहयोगिनियों के साथ सतत संवाद बनाए रखते हुए नियमित समीक्षा की जाए। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुरेश मीणा ने टीकाकरण के महत्व, प्रभावी कार्ययोजना, टीकाकरण सत्रों के आयोजन, तथा उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए रजिस्टर्ड गर्भवती महिलाओं की शत-प्रतिशत प्रसव पूर्व जांच तथा संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यशाला में सेक्टरवार माइक्रोप्लान की समीक्षा की गई तथा प्रभावी टीकाकरण के लिए बेहतर योजना तैयार करने पर विस्तृत चर्चा हुई। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की एसएमओ डॉ. स्वाति मित्तल एवं कोऑर्डिनेटर डॉ. अमित ने पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से माइक्रोप्लान की वस्तुस्थिति प्रस्तुत की। बैठक में जिले के सभी राजकीय चिकित्सा संस्थानों के चिकित्सा अधिकारी प्रभारी उपस्थित रहे।

# पूर्व सरपंच प्रतिनिधि पर जानलेवा हमला और लूटपाट करने वाले 2 हिस्ट्रीशीटर सहित 6 बदमाश और गिरफ्तार



**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर 28 अक्टूबर। बाड़मेर जिले में पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार सक्रिय संगठित आपराधिक गैंग पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु एक विशेष अभियान चलाया गया। इसी क्रम में बाड़मेर ग्रामीण और सदर पुलिस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए केसर कालवी गैंग के सदस्यों के विरुद्ध बड़ी सफलता हासिल की है। इस कार्रवाई के तहत 2 हिस्ट्रीशीटर सहित कुल 6 मुलजिमों को गिरफ्तार किया गया है। मामले में अब तक तीन हिस्ट्रीशीटर सहित आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### पूर्व सरपंच प्रतिनिधि पर हमला और लूट

एसपी नरेन्द्र सिंह मीना ने बताया कि 02 अक्टूबर की रात पूर्व सरपंच प्रतिनिधि स्वरूप सिंह राजपूत निवासी परो ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि जब वह अपने गांव से बाड़मेर की ओर आ रहे थे तब मारूड़ी के चेतक सर्कल पर केसर कालवी ग्रुप महाबार लिखी 8-10 गाड़ियों में सवार 15-20 लोगों ने उनकी गाड़ी को टक्कर मारकर रोका। अपराधियों ने उनकी गाड़ी में तोड़फोड़ की, उन पर पिस्टल तान दी और उनके गले से करीब 5 तोले की सोने की चेन छीन ली तथा बेरहमी से मारपीट की। इस संबंध में थाना बाड़मेर ग्रामीण में विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसा राम बोस और सीओ रमेश कुमार शर्मा के सुपरविजन में थानाधिकारी ग्रामीण राजुराम और थानाधिकारी सदर सुमेरसिंह के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी। पूर्व में मुलजिम हाकमसिंह राजपूत (हिस्ट्रीशीटर) और डूंगरसिंह रावणा राजपूत को गिरफ्तार किया जा चुका था। 6 अन्य बदमाश आये पकड़ में लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने गैंग के 6 अन्य वांछित मुलजिमों को गिरफ्तार किया। इनमें दो कुख्यात हिस्ट्रीशीटर शामिल हैं। आरोपी हिस्ट्रीशीटर किशोर सिंह राजपूत (27) निवासी मुरताला गाला थाना सदर, हिस्ट्रीशीटर रेवंतसिंह (31) निवासी बांकलपुरा महाबार थाना सदर है। इनके अलावा प्रागसिंह उर्फ प्रयागसिंह (25) निवासी परो, देरावर सिंह (27) निवासी पाताणियों की ढाणी महाबार थाना सदर, भवानीसिंह उर्फ भगसिंह (20) निवासी बूठ जैतमाल महाबार थाना धोरीमन्ना और रणवीरसिंह उर्फ राणसिंह (20) निवासी बांकलपुरा महाबार थाना सदर को भी गिरफ्तार किया गया है।

हिस्ट्रीशीटर किशोरसिंह के विरुद्ध 6 और रेवंत सिंह के विरुद्ध 8 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। गिरफ्तार किए गए सभी मुलजिमों से गहन पूछताछ की जा रही है ताकि प्रकरण में आगे का अनुसंधान किया जा सके और संगठित अपराध के इस गैंग की जड़ों तक पहुंचा जा सके।

# सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर भर्ती चयन परीक्षा 29 को चित्तौड़गढ़ में

**24 न्यूज अपडेट**

चित्तौड़गढ़, 28 अक्टूबर। भारत सरकार के गृह मंत्रालय (एनडीआरएफ) के अधीन भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद, नई दिल्ली की ओर से सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती चयन परीक्षा का आयोजन चित्तौड़गढ़ जिले में किया जा रहा है। भर्ती अधिकारी महिपाल सिंह ने बताया कि भर्ती शिविर चित्तौड़गढ़ किले के नीचे आयोजित होगा, जिसका आयोजन 29 अक्टूबर 2025 (बुधवार) को किया जाएगा। भर्ती चयन परीक्षा का समय प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक निर्धारित है। उन्होंने बताया कि इस भर्ती में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के शिक्षित बेरोजगार युवा भाग ले सकते हैं। पात्रता के अनुसार अभ्यर्थी की लंबाई न्यूनतम 168 सेंटीमीटर, वजन 58 किलो से 90 किलो तक, आयु सीमा 19 वर्ष से 40 वर्ष तक तथा शैक्षणिक योग्यता दसवीं उत्तीर्ण या अनुत्तीर्ण एवं स्नातक अभ्यर्थी भी पात्र हैं। चयन प्रक्रिया के तहत अभ्यर्थियों का फिजिकल टेस्ट के बाद पंजीकरण किया जाएगा। इसके पश्चात एक माह के प्रशिक्षण उपरांत योग्य अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान की जाएगी। भर्ती अधिकारी ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को 65 वर्ष की आयु तक सेवा का अवसर मिलेगा। साथ ही उन्हें पीएफ, पेंशन, ग्रेच्युटी, बीमा, वार्षिक वेतनवृद्धि, आवास एवं मैस सुविधा प्रदान की जाएगी। नियुक्ति के बाद प्रारंभिक वेतन 18,000 से 25,000 प्रतिमाह रहेगा।

प्रशिक्षण उपरांत चयनित जवानों की नियुक्ति भारत सरकार के औद्योगिक क्षेत्रों, मल्टीनेशनल कंपनियों, चित्तौड़गढ़ किला, कुम्भलगढ़ किला, मेट्रो, हवाई अड्डा एवं बंदरगाह क्षेत्रों में की जाएगी।

भर्ती अधिकारी ने इच्छुक युवाओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस भर्ती चयन परीक्षा में भाग लें। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 8619863856 पर संपर्क करें।

# हाईटेंशन लाइन से टकराई बस में आग, तीन की मौत, 10 झुलसे, सिलेंडर ब्लास्ट से मचा हड़कंप



**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर। राजधानी से करीब 50 किलोमीटर दूर मनोहरपुर क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत से आए मजदूरों को ईंट भट्टे पर ले जा रही बस हाईटेंशन बिजली की लाइन से टकरा गई, जिससे बस में करंट फैल गया और आग लग गई। हादसे में तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि दस से अधिक मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए।

बस के ऊपर रखे गैस सिलेंडरों और घरेलू सामान में आग लगने के बाद हुए विस्फोटों से स्थिति और भयावह हो गई। चश्मदीदों के मुताबिक, आग लगने के बाद तीन से चार तेज धमाके सुनाई दिए, जिनकी आवाज से आसपास के लोग दहशत में आ गए।

65 मजदूरों में से तीन की मौत, पांच की हालत नाजुक

जयपुर कलेक्टर जितेंद्र सोनी ने बताया कि बस में कुल 65 मजदूर सवार थे, जिन्हें टोडी स्थित ईंट भट्टे पर काम के लिए लाया जा रहा था। भट्टे से करीब 300 मीटर पहले हादसा हुआ।

मृतकों में नसीम (50), सहीनम (20) और एक अन्य की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। गंभीर रूप से झुलसे पांच मजदूरों को जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल रेफर किया गया है, जबकि अन्य का इलाज शाहपुरा सीएचसी में चल रहा है। एसएमएस अस्पताल प्रशासन ने बताया कि बर्न यूनिट और आपातकालीन चिकित्सा टीमें अलर्ट पर हैं। झुलसे घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। कुछ की जलन 20 प्रतिशत तक बताई जा रही है।

### बस के ऊपर रखे थे सिलेंडर और मोटरसाइकिलें

प्रशासनिक जांच में सामने आया कि बस की छत पर 5 से अधिक गैस सिलेंडर, दो मोटरसाइकिलें और घरेलू सामान रखा गया था। अधिक वजन और भीड़भाड़ के कारण बस का संतुलन बिगड़ गया। इसी दौरान छत पर रखा सामान हाईटेंशन लाइन से टकरा गया, जिससे बस में करंट फैल गया और आग भड़क उठी।

### स्थानीयों ने दी मदद, प्रशासन पर सवाल

आग लगने के बाद ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर कई मजदूरों की जान बचाई। फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रशासन को पहले भी इन हाईटेंशन लाइनों को हटाने की मांग की गई थी, लेकिन किसी ने संज्ञान नहीं लिया।

### जांच के आदेश, सीएम को भेजी जाएगी रिपोर्ट

जिला कलेक्टर ने कहा कि घटना की प्रारंभिक रिपोर्ट तैयार कर ली गई है और मुख्यमंत्री व उच्च अधिकारियों को सौंपी जाएगी। आरटीओ, एफएसएल और बिजली विभाग की टीम मौके पर जांच में जुटी है। दोषियों पर कार्रवाई की बात कही गई है।


### 15 दिन में पांचवीं बस में आग की घटना

देशभर में बीते पंद्रह दिनों में बसों में आग लगने की पांच बड़ी घटनाएं सामने आ चुकी हैं— 14 अक्टूबर, जैसलमेरः एसी स्लीपर बस में आग, 27 यात्रियों की मौत। 24 अक्टूबर, आंध्र प्रदेशः कुरनूल में बस-बाइक टकराने के बाद आग, 20 मौतें। 25 अक्टूबर, एमपीः अशोकनगर में बस जलकर खाक, सौभाग्य से कोई हताहत नहीं। 26 अक्टूबर, यूपीः आगरा एक्सप्रेस-वे पर एसी बस में आग, 70 यात्री बाल-बाल बचे। 28 अक्टूबर, राजस्थानः मनोहरपुर (जयपुर) में बस में आग, 3 मौतें, 10 झुलसे।

**मानवता की मिसालः**

ग्रामीणों ने बचाई कई जानें हादसे के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों ने अपने कपड़ों से जलते मजदूरों को लपेटकर आग बुझाई और बस के शीशे तोड़कर अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शी बोले, "अगर ग्रामीण कुछ मिनट देर से पहुंचते, तो मौतों का आंकड़ा कहीं बड़ा होता।"

# विद्यापीठ में दो शोधार्थियों को मिली विद्यावाचस्पति की उपाधि, डॉ. सुभाष पुरोहित के निर्देशन में पूर्ण हुए शोधप्रबंध








**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 28 अक्टूबर। जनार्दन राय नगर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) की ओर से मंगलवार को शिक्षा संकाय में दो शोधार्थियों — नरेंद्र कुमार और लीलाधर प्रसाद व्यास — को विद्यावाचस्पति (PH.D.) की उपाधि प्रदान की गई। दोनों ही शोधार्थियों ने अपना शोधकार्य लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ. सुभाष पुरोहित के निर्देशन में पूर्ण किया। शोधार्थी लीलाधर प्रसाद व्यास का शोधप्रबंध "शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में संचालित शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों की सहभागिता, संप्रेषण कौशल और व्यक्तित्व कारकों का अध्ययन" विषय पर आधारित था। इस शोध में जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों में निर्णयात्मकता, उत्तरदायित्व, संवेगिक स्थिरता, चुनौतियों का सामना, मित्रतापूर्ण व्यवहार, सभ्य व शिष्ट भाषा, अहम्-शक्ति, जिज्ञासा तथा दूसरों पर अधिकार प्रदर्शन जैसे व्यक्तित्व गुणों का विश्लेषण किया गया। वहीं, शोधार्थी नरेंद्र कुमार का शोधप्रबंध "जनजाति विभाग द्वारा संचालित मॉडल पब्लिक रेजिडेंशियल विद्यालयों के विद्यार्थियों का वैयक्तिक अध्ययन" विषय पर केंद्रित था। इस अध्ययन में पाया गया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित इन आवासीय विद्यालयों में आदिवासी जनजाति क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क आवास व शिक्षा सुविधाओं की व्यवस्था की गई है, जिससे शिक्षा के स्तर में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है। शोध के निष्कर्षों में यह भी उल्लेख किया गया कि राजस्थान सरकार द्वारा स्थापित आश्रम छात्रावास, कस्तूरबा बालिका विद्यालय एवं मॉडल आवासीय विद्यालयों की पहल ने आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राज्य सरकार के निरंतर प्रयासों से जनसंख्या के वैयक्तिक, सामाजिक और आर्थिक स्तर पर शिक्षा का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

# अजमेर दरगाह मंदिर याचिकाकर्ता हिंदू सेना प्रमुख विष्णु गुप्ता पर हमला, स्कूटी सवार दो युवकों ने ऋषिकेश में पीटा, सिर और कान में चोट



**24 न्यूज अपडेट**

ऋषिकेश/अजमेर, 28 अक्टूबर। अजमेर दरगाह में शिव मंदिर होने का दावा करने वाले हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता पर उत्तराखंड में हमला हुआ है। यह हमला मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे तब हुआ जब गुप्ता अपने परिवार के साथ ऋषिकेश से दिल्ली लौट रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार, हाईवे पर स्कूटी सवार दो युवक अचानक उनकी कार के पास आए और झगड़ा करने लगे। विवाद बढ़ने पर उन्होंने गुप्ता को गाड़ी से नीचे उतारा और लाठी-डंडों व नुकीली वस्तु से हमला कर दिया। इस हमले में गुप्ता के सिर में सूजन और कान के पास गहरी चोट आई है। चिकित्सकों ने उनके कान के पास चार टांके लगाए हैं। गुप्ता बोले — "परिवार के सामने मुझ पर हमला किया गया" विष्णु गुप्ता ने बताया कि वे पत्नी और बच्चों के साथ छुट्टियों पर ऋषिकेश आए थे। लौटते वक्त दो युवक स्कूटी पर आए और पहले झगड़ा शुरू किया, फिर नीचे उतारकर हमला कर दिया। "मेरे परिवार के लोग डर के मारे गाड़ी से बाहर नहीं निकले। हमलावरों के हाथ में कोई नुकीली चीज थी, जिससे कान के नीचे गहरी चोट लगी," गुप्ता ने कहा। उन्होंने बताया कि घटना के तुरंत बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी और कोतवाली ऋषिकेश में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### पुलिस ने शुरू की जांच

ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके। गौरतलब है कि विष्णु गुप्ता पर इससे पहले भी अजमेर के जयपुर रोड पर फायरिंग हो चुकी है, जिसमें वे बाल-बाल बचे थे। उस मामले के आरोपी अभी तक पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। अजमेर दरगाह विवाद का संदर्भ विष्णु गुप्ता ने वर्ष 2024 में अजमेर सिविल कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसमें दावा किया गया कि ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह परिसर में प्राचीन संकट मोचन महादेव मंदिर स्थित है। अदालत ने यह याचिका 27 नवंबर 2024 को स्वीकार की थी और मामले की सुनवाई जारी है। इस प्रकरण की अगली सुनवाई 1 नवम्बर 2025 को होनी है। हिंदू सेना ने इस हमले की निंदा करते हुए कहा कि यह घटना "धार्मिक मामलों में आवाज़ उठाने वालों को डराने की कोशिश" है। संगठन ने उत्तराखंड पुलिस से हमलावरों की शीघ्र गिरफ्तारी और गुप्ता की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।

# लौट के बुद्धु जीएसटी उत्सव को आए : सरस का यू-टर्न, 12 घंटे में फिर घटाए घी के बढ़े हुए दाम

**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर। राजस्थान कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन (RCDF) ने सरस घी की कीमतों में सिर्फ 12 घंटे में ही यू-टर्न ले लिया। सोमवार रात जारी आदेश में सरस घी के दाम 30 रुपए प्रति लीटर बढ़ाए गए थे, लेकिन मंगलवार सुबह ही यह फैसला वापस ले लिया गया। जानकारी के अनुसार, फेडरेशन ने करीब एक माह पहले ही जीएसटी में कटौती के बाद घी के दामों में 37 रुपए तक की कमी की थी। इसके बाद अचानक सोमवार को फिर से दरें बढ़ा दी गईं। हालांकि, तेज विरोध और बाजार में भ्रम की स्थिति के बाद आदेश को वापस लेते हुए पुरानी दरें बहाल कर दी गईं। केंद्र सरकार ने घटाई थी डेयरी उत्पादों पर जीएसटी केंद्र सरकार ने 22 सितंबर को दूध से बने उत्पादों पर जीएसटी दर 12% से घटाकर 5% कर दी थी। वहीं जिन उत्पादों पर पहले 5% जीएसटी लागू था, उन्हें शून्य प्रतिशत कर श्रेणी में रखा गया था। सरस घी, जो 21 सितंबर तक 588 रुपए प्रति लीटर में बिक रहा था, वह जीएसटी घटने के बाद 551 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया था। जनता को राहत नहीं, कंपनियों ने खुद बढ़ाया मुनाफा केंद्र सरकार ने इसे "जीएसटी उत्सव" के रूप में प्रचारित करते हुए कहा था कि इससे उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। लेकिन जमीन पर हालात उलटे रहे - उत्पादक कंपनियों ने कर में मिली राहत का लाभ आमजन तक पहुंचाने की बजाय अपने मुनाफे में जोड़ लिया। तेल, साबुन, नमकीन, बिस्किट, पनीर और घी जैसे उत्पादों के दाम कंपनियों ने धीरे-धीरे फिर से बढ़ा दिए। उपभोक्ताओं में नाराजगी, पारदर्शिता पर सवाल सरस जैसे सरकारी सहकारी ब्रांड से उपभोक्ताओं को भरोसा रहता है, ऐसे में महज 12 घंटे में कीमत बढ़ाना और फिर घटा देना, दोनों ही फैसले सवाल खड़े करते हैं। उपभोक्ताओं ने इसे "भ्रम फैलाने वाला कदम" बताया है और मांग की है कि मूल्य निर्धारण में पारदर्शिता रखी जाए।



# दीपावली बीतते ही एक्शन में निगम, फिर वही सवाल- अवैध निर्माण हुआ तब कौनसी नींद में थे अफसर???



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर नगर निगम अब इस बात के लिए बदनाम हो चुकी है कि यहां के अफसर और कर्मचारी अपनी फुर्सत और मनमर्जी से अतिक्रमण की कार्रवाइयों को अंजाम देते हैं। अफसर और कर्मचारी पहले तो अवैध निर्माण होते हुए चुपचाप देखते रहते हैं। या साफ साफ कहें तो सेटिंग करने का खेल खेलते रहते हैं जो कि बिना लेन देन के संभव ही नहीं है। उसके बाद जब भवन खड़ा हो जाता है। लाखों का खर्चा हो चुका होता है, तब अचानक अपने समय और अपनी फुर्सत के अनुसार आ धमकते हैं व भवन या प्रतिष्ठान को जब्त कर देते हैं। इसमें भी या तो किसी का दबाव होता है या फिर किसी का प्रभाव। बीच-बीच में नोटिस नोटिस का खेल खेलते हैं ताकि कानूनी रूप से जवाब देने में आसानी हो सके। उदयपुर की नजता नगर निगम के कर्मचारियों व अफसरों को अपने टेक्स के पैसों से तनख्वाह ही इसी बात की दे रही है कि अवैध निर्माण नहीं होने देना है। अगर इतने बड़े भवन खड़े हो जाएं व उनको सीज किया जाए तो उन पर उंगली उठना लाजमी है। जब ये निर्माण हो रहा था तब अफसर व कर्मचारी किस गहरी नींद में सो रहे थे। अगर तब आंख बद कर ली थी तो आज उन पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। उनके वेतन से इस कार्रवाई का पूरा खर्चा वासूला जाना चाहिए और नियमानुसार सस्पेशन व टर्मिनेशन होने चाहिए। अगर उदयपुर को अतिक्रमण मुक्त करना है तो कार्रवाई सख्ती से व समय रहते करनी होगी, ऐसी नौटंकी से काम चलने वाला नहीं है। मंगलवार को गोवर्धन विलास क्षेत्र में बिना स्वीकृति बनाए गए भवन को निगम ने सीज किया। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, मोहित कार डेकोर के पास स्थित भवन का निर्माण बिना किसी अनुमति के किया गया था। इस संबंध में मकान मालिक को निगम की ओर से 6 अगस्त और 4 सितंबर को नोटिस जारी किए गए थे। नोटिस के जवाब में मालिक ने अपना पक्ष प्रस्तुत किया, लेकिन जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। उसके बाद शायद निगम के अफसर दीपावली मनाने चले गए और अब कार्रवाई की है। वैसे आपको याद दिला दें कि इस बार भी और पिछले साल निगम ने त्योहारों के मौके पर एक बड़ी कार्रवाई की थी। ऐसे में मैन पावर या अन्य सपोर्ट की कमी का बहाना अब मजाक और झांसे जैसा दिखाई देता है। नगर निगम अधिकारियों के इस रवैये की शहर में आलोचना की जा रही है। होना तो यह चाहिए कि कार्रवाई का ऐसा खौफ हो कि एक ईंट भी कोई बिना परमिशन के ना रख पाएं। लेकिन यहां तो अफसर नेताओं व जन प्रतिनिधियों की चरण वंदना में लगे रहते हैं और पीछे बड़े बड़े निर्माण हो जाते हैं।

# विद्यापीठ - 21वां दीक्षांत समारोह 13 नवम्बर को, पीएचडी उपाधि, गोल्ड मेडल का होगा वितरण



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर 28 अक्टुबर / जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय की ओर से आगामी 13 नवम्बर को आयोजित 21वें दीक्षांत समारोह को लेकर कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत की अध्यक्षता में तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। आयोजन की जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने बताया कि समारोह में 5000 से अधिक विद्यार्थी एवं शहर के गणमान्य नागरिकों की गरिमामय उपस्थिति में 05 नवम्बर, 2025 तक के पीएचडी धारको को उपाधियॉ तथा वर्ष 2024-25 में स्नातक तथा स्नातकोत्तर परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को उपाधि एवं स्वर्ण पदक दिये जायेगे। सम्बंधित विद्यार्थी को 07 नवम्बर तक निर्धारित फार्म भरना आवश्यक होगा। उपाधि धारकों को सफेद कुर्ता, पाजामा तथा छात्राओं के लिए सफेद सलवार कुर्ता या साड़ी पहनना अनिवार्य होगा। समारोह के सफल आयोजन हेतु विभिन्न समितियों का गठन किया गया। परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन ने बताया कि कला, वाणिज्य, विज्ञान, विधि, एग्रीकल्चर, कम्युटर साईंस, एमबी, सोशल वर्क, नर्सिंग, एज्युकेशन, डीफार्मा सहित विभिन्न विषयों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 44 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिये जायेंगे।

# विधायक डेचा ने महानिदेशक पुलिस जयपुर को ज्ञापन देकर पत्थरबाजी व लूट करने वाले तत्वों पर कार्रवाई की मांग की



24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। विधानसभा सागवाड़ा विधायक शंकरलाल डेचा ने महानिदेशक पुलिस जयपुर राजीव शर्मा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा, जिसमें जिला डूंगरपुर में असामाजिक तत्वों द्वारा रात के समय वाहनों को रोककर पत्थरबाजी और लूट की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई। विधायक डेचा ने बताया कि हाल के महीनों में डूंगरपुर जिले में शाम के समय वाहनों को रोककर लूटपाट, पैसा मांगना, इंकार पर मारपीट और वाहनों को नुकसान पहुंचाने जैसी घटनाएं बढ़ी हैं। इससे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि दोवड़ा थाना एवं सदर थाना क्षेत्र में इस प्रकार की घटनाएं अधिक बढ़ी हैं। असामाजिक तत्व अक्सर पावर बाइक का उपयोग करते हैं और कभी-कभी पुलिस के साथ भी भिड़ जाते हैं। विधायक डेचा ने कहा कि इस क्षेत्र में मादक पदार्थों की अवैध बिक्री बढ़ने से अपराधों में वृद्धि हो रही है। आमजन भयभीत हैं और व्यापारी देर रात बाहर निकलने से कतराने लगे हैं। उन्होंने मांग की कि क्षेत्र में स्पेशल फोर्स या टास्क फोर्स नियुक्त की जाए ताकि अपराधियों में भय उत्पन्न हो और आमजन को राहत मिले।

# सेंट एंथोनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की टीम ने नेशनल इंडियन नेवी क्विज़ 2025 के सेमीफाइनल व ग्रैंड फिनाले में बनाई जगह



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सेंट एंथोनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, उदयपुर के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थी मोनल भाटिया (कक्षा 11वीं, कला वर्ग) और गर्व पगारिया (कक्षा 10वीं) ने प्रतिष्ठित नेशनल इंडियन नेवी क्विज़ 2025 (THINQ 2025) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल और ग्रैंड फिनाले तक अपनी जगह सुनिश्चित की है। प्राचार्य विलियम डिसूज़ा ने बताया कि यह सम्मान देशभर के 14,000 स्कूलों की टीमों में से चुनी गई शीर्ष 16 टीमों में स्थान प्राप्त करने का है। तीन कठिन चरणों के बाद यह उल्लेखनीय सफलता विद्यालय के विद्यार्थियों ने अर्जित की है। फाइनल राउंड का आयोजन भारतीय नौसेना अकादमी (INA), एझिमाला में किया जाएगा। विलियम डिसूज़ा ने इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि, "यह सफलता हमारे विद्यार्थियों के परिश्रम, समर्पण और शिक्षक श्री जगदीश पालीवाल के मार्गदर्शन का परिणाम है। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि पूरे उदयपुर के लिए गौरव का क्षण है।" विद्यालय परिवार ने समस्त अभिभावकों, शुभचिंतकों और विद्यार्थियों से आग्रह किया है कि वे मोनल और गर्व को फाइनल राउंड के लिए अपनी शुभकामनाएँ और आशीर्वाद दें, ताकि वे राष्ट्रीय स्तर पर भी सफलता का परचम लहराएँ। प्रतियोगिता का अद्यतन कार्यक्रम इस प्रकार है — रविवार, 2 नवंबर 2025 (दोपहर बाद आगमन) सेमीफाइनलः मंगलवार, 4 नवंबर, ग्रैंड फिनालेः बुधवार, 5 नवंबर.

# श्री लक्ष्मीनारायण भगवान ठाकुर जी का 13वां भव्य अन्नकूट महोत्सव 9 नवम्बर को



24न्यूज अपडेट

उदयपुर, 28 अक्टूबर। श्री लक्ष्मीनारायण औदिच्य समाज ट्रस्ट, श्री लक्ष्मीनारायण युवा परिषद, श्री परशुराम गरबा मण्डल उदयपुर एवं लक्ष्मी नारायण महिला मण्डल के संयुक्त तवत्वाधान में धर्मनगरी पाणुन्द में ठाकुर जी का 13वां भव्य अन्नकूट महोत्सव के आयोजन को लेकर दुर्गा नर्सरी स्थित सुखाडिया मेमोरियल पर बैठक का आयोजित हुई।

परिषद संस्थापक हीरालाल गोकलावत व पूर्व अध्यक्ष बंशीलाल पतावत, नारायण हीरावत ने बताया कि धर्म नगरी पाणुन्द में श्री लक्ष्मीनारायण भगवान ठाकुर जी का 13वां भव्य अन्नकुट महामहोत्सव का आयोजन रविवार 9 नवम्बर को धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं को अलग-अलग समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां सौंपी गई। जो अपने-अपने कार्यों को अंजाम देने में जुट गए।

अध्यक्ष झमकलाल धूलावत ने बताया कि 9 नवंबर सुबह 11 बजे स्वागत वाटिका 100 फीट रोड स्थित नेमिनाथ कॉलोनी से पाणुन्द के लिए बस रवाना होगी। उसके बाद पाणुन्द पहुंचने के बाद मुख्य बोली कर्ता शंकरलाल, भरत कुमार, नारायण, प्रकाश हीरावत परिवार के घर से ठाकुर जी का भव्य अन्नकूट महाप्रसाद अलग-अलग बग्गियों में शोभायात्रा के रूप में रवाना होगा। जो हीरावतों का मोहल्ला, बस स्टैण्ड, डेरा, ठाकुर जी मंदिर प्रांगण, जैन मोहल्ला, आजाद नगर, होते हुए पुनः ठाकुरजी मंदिर प्रांगण में पहुंचेगा। जहा पर ठाकुरजी को अलग-अलग प्रकार के 56 भोग महाप्रसाद का भोग धराया जाएगा। उसके तत्पश्चात महाआरती का आयोजन होगा। उसके बाद भव्य स्वामी वात्सल्य का आयोजन होगा। वहीं रात्रि को विशाल भजन संध्या तथा 10वीं व 12वीं कक्षा में 80 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले औदिच्य समाज के होनहारों का सम्मान होगा। भजन संध्या में रामजी राव कानोड़ के साथ स्थानीय कलाकार भजनों की प्रस्तुतियां देंगे।

बैठक में बड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष लक्ष्मीलाल डूंगावत, हीरालाल पतावत, शोभालाल गोकलावत, सेवाराम फरावत, संस्थापक हीरालाल गोकलावत, पूर्व अध्यक्ष बंशीलाल पतावत, नारायण हीरावत, परशुराम गरबा मंडल के भोपाजी गणेश लाल ईडाणा, कोषाध्यक्ष मांगीलाल पतावत, विजय डूंगावत, ललित जीवावत, हरीश फरावत, अजय गोकलावत, अर्णव डूंगावत सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# आचार्य सुनील सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में आठ दिवसीय सिद्धचक्र महामंडल आज से प्रारंभ



24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। गुजरात के अहमदाबाद में आचार्य श्री सुनील सागरजी महाराज ससंघ के सानिध्य में आठ दिवसीय सिद्धचक्र महामंडल बुधवार से यूनिवर्सिटी ग्राउंड, अहमदाबाद नगरी में प्रारंभ होगा। आचार्य श्री सुनील सागरजी महाराज ससंघ के 61 पिच्छी चातुर्मास समापन अवसर पर सकल दिगंबर जैन समाज तथा चातुर्मास समिति के संयोजन में यह आठ दिवसीय श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान बुधवार, 29 अक्टूबर से प्रतिष्ठाचार्य पंडित विनोद उर्फ विरल पगारिया के तत्वावधान में प्रारंभ होगा। विधान समिति के विपिन पंचोरी (साबला) ने बताया कि बुधवार को ध्वजारोहण के साथ विधान प्रारंभ होकर 5 नवम्बर को विश्व शांति महायज्ञ विधान की पूर्णाहुति के साथ सम्पन्न होगा। बुधवार सुबह मंदिर में अर्घ समर्पण कर जिनाज्ञा के साथ आचार्य संघ को अर्घ चढ़ाकर गुरु आज्ञा विधि पूर्ण की जाएगी। इसके बाद साहू शरणम भवन से बैंड-बाजों के साथ घटयात्रा शोभायात्रा निकाली जाएगी जो कार्यक्रम स्थल सन्मति सभागार पहुंचेगी। वहां मंडप उद्घाटन, भूमि शुद्धि व ध्वजारोहण विधि के पश्चात सकलीकरण, इंद्र प्रतिष्ठा, मंडप प्रतिष्ठा, अखंड दीप प्रज्वलन, पंच मंगल कलश व धूप घट स्थापना की जाएगी। जिनेन्द्र भगवान व सिद्धचक्र यंत्र का अभिषेक एवं विश्व शांति के लिए शांतिधारा की जाएगी। प्रतिष्ठाचार्य पगारिया ने बताया कि 30 अक्टूबर से 4 नवम्बर तक प्रतिदिन आदिनाथ भगवान व सिद्धचक्र यंत्र का महाभिषेक, शांतिधारा, नित्य महापूजन और शांति जाप्य होंगे। अंतिम दिन 5 नवम्बर को सर्वशांति महायज्ञ के तहत तीर्थंकर, कैवली तथा गणधर हवन कुंड में जैन आगम में वर्णित विविध मंत्रोच्चारण के साथ इंद्र-इंद्राणी समूह द्वारा दंशाग, धूप, घी की आहुति व श्रीफल की पूर्णाहुति दी जाएगी। मुख्य पुण्यार्जक सौधर्म इंद्र सौमागमल कटारिया परिवार, राजा श्रीपाल राजेश शाह, धनपति कुबेर ऋषभ जैन, महायज्ञनायक विपिन पंचोरी (साबला) समेत 300 इंद्र-इंद्राणियों के जोड़ों द्वारा सिद्धचक्र विधान पूजा की जाएगी। विधान मंडल पर 2500 से अधिक अष्टद्रव्य श्रीफल युक्त अर्घ समर्पित किए जाएंगे। विधान के पूर्व दिन मंगलवार की धर्मसभा में आचार्य सुनील सागर महाराज ने कहा — "हम चेहरे को चमकाते हैं जिस पर सबकी नजर रहती है, पर आत्मा को नहीं चमकाते जिस पर हमारी नजर रहती है। चित्र नहीं, चरित्र पूजनीय है। सिद्धचक्र विधान का उद्देश्य है कि हम भी सिद्ध बनें और सिद्ध प्रभु के गुणों की प्राप्ति करें।"विधान में वागड़-मेवाड़ के अनेक श्रद्धालु भाग लेंगे।

# मानस मंडल सेवा संस्थान का हुआ दीपावली स्नेह मिलन



24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। नगर के आसपुर रोड पर माविता के पास स्थित सोमपुरा समाज के महिषासुर मर्दनी वनमाता मंदिर सितारावाड़ा में मानस मंडल सेवा संस्थान परिवार का स्नेह मिलन समारोह आयोजित हुआ, जिसमें माता रानी के मंदिर में महिलाओं ने गरबा रास किया। मानस मंडल सेवा संस्थान सागवाड़ा का लाभ पंचमी के दिन सपरिवार दीपावली स्नेह मिलन का कार्यक्रम सोमपुरा समाज के महिषासुर मर्दनी वनमाता मंदिर सितारावाड़ा में हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष किशोर भावसार ने की। मुख्य अतिथि शिक्षाविद् देवशंकर सुथार, दामोदरलाल गोगरोत, मार्गदर्शक हेमराज जोशी और मोहन पंचाल विशिष्ट अतिथि रहे। मंदिर पुजारी मुकेश सेवक ने माताजी का मनोहारिक श्रृंगार किया। मंडल के सदस्यों द्वारा माताजी की पूजा-अर्चना के बाद हनुमान चालीसा व महिषासुर मर्दनी स्तोत्र का पाठ किया गया। महासचिव जितेंद्र भट्ट ने स्वागत उद्बोधन में मंडल की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। समारोह के अध्यक्ष किशोर भावसार, विशिष्ट अतिथि, उपाध्यक्ष जितेंद्र सुथार, सचिव जितेंद्र भट्ट, कोषाध्यक्ष भरत भट्ट एवं संगठन मंत्री जुगल किशोर सोनी ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सर्वसम्मति से सभाध्यक्ष चेतन गोगरोत, सह संगठन मंत्री राजेंद्र पंचाल, कर्मवीर सिंह राठौड़, व्यवस्था प्रमुख नरेश भट्ट, सह कोषाध्यक्ष प्रीतम पंचाल, सह मीडिया प्रभारी सौरभ भट्ट और सह व्यवस्था प्रमुख धार्मिक पंचाल का निर्विरोध मनोनयन किया। सभा का आयोजन मंडल अध्यक्ष व मार्गदर्शक की अध्यक्षता में हुआ, जिसमें अति विशिष्ट अतिथि के रूप में सोमपुरा समाज के अध्यक्ष हरीशचंद्र सी. सोमपुरा, वनमाता मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष हरीशचंद्र सोमपुरा, समाजसेवी देवशंकर सुथार, दामोदरलाल गोगरोत, कृष्णकांत सोमपुरा, सुदर्शन सोमपुरा, सुभाष सोमपुरा और मनीष सोमपुरा उपस्थित रहे। वनमाता मंदिर समिति की ओर से मानस मंडल के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए अध्यक्ष किशोर भावसार का महिषासुर मर्दनी वनमाता की तस्वीर, ऊपरना ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया। विशिष्ट अतिथियों एवं नई कार्यकारिणी का अभिनंदन नकुल गोगरोत, जगदीश जांगिड़, कमलेश रावल, निलेश भट्ट, विनोद गर्ग और जितेंद्र कलाल ने किया। महिलाओं ने भजन व गरबा रास प्रस्तुत किया। अंत में सभी सदस्यों ने माताजी की आरती उतारी। संचालन जितेंद्र सुथार ने किया तथा आभार नरेंद्र सोमपुरा ने माना। इस अवसर पर ललित मिस्त्री, ओमप्रकाश सुथार, राहुल भगत, प्रकाश सुथार, हेमंत भट्ट, रमेश जोशी, डैनी, दीपक तंबोली, उत्सव सुथार, उमेश कलाल, बालमुकुंद भट्ट, बापूलाल पाटीदार, नितीन पंचाल, जयदीप जोशी सहित अनेक महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# एमबी कॉलेज पूर्व छात्र परिषद का दिवाली एवं मासिक स्नेह मिलन सम्पन्न - कविताओं, गीतों और संस्मरणों से सजी यादगार शाम



24न्यूज अपडेट

उदयपुर। एमबी कॉलेज पूर्व छात्र परिषद का दिवाली एवं मासिक स्नेह मिलन समारोह रविवार को विज्ञान समिति सभागार में हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ अल्पाहार के उपरांत प्रातः 11 बजे हुआ, जिसकी अध्यक्षता इंजीनियर आर.के. चतुर ने की। कार्यक्रम में डॉ. के.एल. कोठारी मुख्य अतिथि और श्री गणेश डागलिया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंच पर शांतिलाल भंडारी भी विराजमान थे। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश तातेड़ ने किया। उन्होंने गत बैठक का प्रतिवेदन पढ़कर सदन से अनुमोदन प्राप्त किया। महासचिव शांतिलाल भंडारी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए दीपावली की शुभकामनाएं दीं। अध्यक्ष प्रो. महीप भटनागर का काव्यमय संदेश रविंद्र भटनागर ने पढ़कर सुनाया। कार्यक्रम में विशेष क्षण तब आया जब श्री गणेश डागलिया के 80 वर्ष पूर्ण होने पर उन्हें "अग्रज सम्मान" से सम्मानित किया गया। उन्हें माला, शॉल और प्रशस्ति-पत्र भेंट कर अभिनंदन किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजा दीपोत्सव मीडिया प्रभारी प्रो. विमल शर्मा ने बताया कि दीपावली सांस्कृतिक क्रम में परिषद के कई सदस्यों ने गीत, कविता और चुटकुलों के माध्यम से सभी का मनोरंजन किया। प्रस्तुति देने वालों में श्रीमती सीता शर्मा, इंद्रमल पटवा, संजीव भारद्वाज, मंजू सिसोदिया, चंद्रसिंह जैन, पुष्पा धाकड़, सी.एस. छाजेड़, रविंद्र भटनागर, शिवरतन तिवारी, डॉ. नरेश शर्मा, सुरेश सिसोदिया, डॉ. एस.एल. जैन, प्रकाश तातेड़ और एम.पी. जैन सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। गणेश डागलिया ने अपने जीवन के रोचक संस्मरण साझा किए, वहीं मुख्य संरक्षक डॉ. के.एल. कोठारी ने दीपोत्सव पर सुंदर कविता सुनाई और सभी को आशीर्वाद दिया। अध्यक्ष इंजीनियर आर.के. चतुर ने भी अपने संबोधन के साथ कवितापाठ किया। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ सदस्य श्री प्रभाकर शाह के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का समापन सामूहिक ग्रुप फोटो और सुरुचि भोज के साथ हुआ।

24 न्यूज अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।